# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक,
## उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

**विषय : रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की दिनांक 17 अक्तूबर, 2017 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

********

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 17 अक्तूबर, 2017 को श्रीमती वीना प्रसाद, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री पुष्कल उपाध्याय, भा.र.ले.से.<br>रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक | सदस्य |
| 2. | श्रीमती कविता गर्ग, भा.र.ले.से.<br>रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.) | सदस्य |
| 3. | श्री महेश कुमार<br>वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.) | सदस्य |
| 4. | श्री उपेन्द्र कुमार<br>वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.-समन्वय) | सदस्य |
| 5. | श्री एम.के. भट्ट<br>वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखा/बजट) | सदस्य |
| 6. | श्री राजू प्रसाद,<br>वरिष्ठ लेखा अधिकारी(सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रणाली) | सदस्य |
| 7. | श्री विश्वजीत गंडोत्रा<br>वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.8/11) | सदस्य |
| 8. | श्री मनोज कुमार<br>वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.4/7) | सदस्य |
| 9. | श्री वी.के.पुरोहित<br>वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.) | सदस्य |
| 10. | श्रीमती सुनीता तिवारी<br>वरिष्ठ लेखा अधिकारी (आई.एफ.ए.) | सदस्य |
| 11. | श्रीमती काकोली दत्ता, वरिष्ठ अनुवादक | सदस्य |
| 12. | श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवादक | सदस्य |
| 13. | श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवादक | सदस्य |
| 14. | श्री संदीप बोस, कनिष्ठ अनुवादक | सदस्य |
| 15. | श्रीनिवास शर्मा<br>सहायक निदेशक (रा.भा.) | सदस्य सचिव |

रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक द्वारा अध्यक्ष महोदया का स्वागत करने के उपरांत बैठक की कार्यवाही आरम्भ हुई। बैठक में निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया गया :-

**मद सं.:1 <u>दिनांक 23 जून , 2017 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि</u>:**

समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक का कार्यवृत्त दिनांक 04 जुलाई, 2017 के पत्र सं. 55018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./27 के अंतर्गत सभी संबंधितों की जानकारी एवं यथा अपेक्षित कार्रवाई हेतु रक्षा लेखा महानियंत्रक की वैबसाइट पर अपलोड कर दिया गया था। किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्व सम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि कर दी गई।

**मद सं.: 2 पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई :**

**<u>गृह पत्रिका 'रक्षा लेखा भारती' का प्रकाशन</u> -**

समिति को सूचित किया गया कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से गृह पत्रिका 'रक्षा लेखा भारती' के प्रकाशन की मंजूरी प्राप्त करने के बाद रचनाएं प्रिंटिग हेतु मुद्रक के पास भेजी गई थी। अद्यतन स्थिति यह है कि मुद्रक से प्राप्त रचनाओं की प्रूफ रिडिंग का कार्य किया जा रहा है।

सदस्य सचिव ने नव वर्ष के अवसर पर पत्रिका के विमोचन का प्रस्ताव दिया जिसे समिति ने स्वीकृति प्रदान कर दी।

**कार्रवाई : हिंदी कक्ष (स्थानीय))**

**मद सं : 3 मार्च, 2017 तथा जून, 2017 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा :**

(i) सदस्य सचिव ने रक्षा लेखा विभाग तथा मुख्यालय कार्यालय की मार्च, 2017 तथा जून, 2017 तिमाहियों की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा की। विभाग के रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा करने पर पाया गया कि कुछ कार्यालयों के हिन्दी पत्राचार में पिछली तिमाही के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई है।

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि इस संबंध में संबंधित कार्यालयों को पत्र जारी कर दिया गया है।

**(कार्रवाई: सभी संबंधित र.ले.प्र.नि./र.ले.नि कार्यालय)**

(ii) मुख्यालय कार्यालय की तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा के संबंध में सदस्य सचिव ने सूचित किया कि जून 2017 तिमाही में पिछली तिमाही में हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गई है।

अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिया कि यद्यपि हिंदी पत्राचार में वृद्धि हुई है, फिर भी यह वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य से कम है। समिति का भी यह मानना था कि इस मुख्यालय कार्यालय में भी क्रमिक रूप से हिंदी पत्राचार का प्रतिशत और बढ़ाया जाना चाहिए। इसलिए आगामी तिमाही का लक्ष्य न्यूनतम 80% रखा गया।

अध्यक्ष महोदया ने हिंदी पत्राचार में वृद्धि हेतु सभी अनुभागों को रिपोर्ट/रिटर्न आदि के अग्रेषण पत्र, सरकारी स्वीकृतियों/आदेशों के अग्रेषण पत्र एवं अवकाश संबंधी समस्त कार्य तथा नेमी प्रकृति का पत्राचार अनिवार्य रूप से हिंदी अथवा द्विभाषी रूप में जारी करने एवं रजिस्टरों और सेवा पुस्तिकाओं में हिंदी में प्रविष्टियां करने के निदेश दिए।

**(कार्रवाई : मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग/हिंदी कक्ष)**

**मद सं.: 4 हिंदी प्रशिक्षण की स्थिति :**

(i) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि मुख्यालय कार्यालय में 26 आशुलिपिक तथा 55 लिपिक (13 सीधी भर्ती द्वारा+42 पदोन्नति द्वारा) तैनात हैं जिनमें से 19 आशुलिपिकों तथा 28 हिंदी लिपिकों को क्रमशः हिंदी आशुलिपि एवं हिंदी टंकण का ज्ञान प्राप्त है। शेष 07 आशुलिपिक को हिंदी आशुलिपि हेतु अगले सत्रों में नामित किया जाएगा। हिंदी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमटीएस से पदोन्नत हुए लिपिकों में से नामित 05 लिपिक पत्राचार द्वारा हिंदी टंकण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें हैं जिन्हे मुख्यालय के हिंदी कक्ष में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

समिति ने सुझाव दिया कि कार्यालय में आशुलिपिकों की अत्यधिक आवश्यकताओं एवं उनके कार्य प्रणाली को देखते हुए हर सत्र में 01 या 02 आशुलिपिकों को नामित किया जाए।

(ii) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि हिंदी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से लिपिकों को प्रशिक्षण देने में बहुत सकरात्मक परिणाम मिले हैं। इसी क्रम में केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित हिंदी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम में नामित श्री विनय चौहान एवं श्री प्रदीप कुमार ने 97%, श्री रवि कुमार ने 96%, श्री अजीत कुमार साह ने 92% अंकों के साथ उत्तीर्ण की है।

अध्यक्ष महोदया सहित समिति के सभी सदस्यों ने हिंदी टंकण प्रशिक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास पर हिंदी कक्ष की प्रशंसा की।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष (स्थानीय))**

**मद संख्या : 6 रक्षा लेखा विभाग में हिंदी पदों की स्थिति :**

वर्तमान में विभाग में हिंदी संवर्गीय प्राधिकृत पदों की स्थिति निम्न प्रकार है :

| | स्वीकृत पद | भरे गए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| **सहायक निदेशक(राजभाषा)** | 37 | 11 | 26 |
| **वरिष्ठ अनुवादक** | 35 | 35 | - |
| **कनिष्ठ अनुवादक** | 70 | 55 | 15 |

(i) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि सहायक निदेशक (राजभाषा) के 26 पद रिक्त हैं। इस परिप्रेक्ष्य में प्रशासन अनुभाग ने समिति को सूचित किया कि सहायक निदेशक (राजभाषा) के भर्ती नियमों में संशोधन संबंधी प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय (वित्त) के माध्यम से कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को भेजा गया था। इस संबंध में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि उनके द्वारा हिंदी संवर्गीय पदों से संबंधित दिशा-निर्देश सातवें वेतन आयोग के आलोक में जारी किए जाएंगे। तदनुसार, उक्त भर्ती नियमों में संशोधन से संबंधित प्रस्ताव पुनः कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को भेजा जाए।

अध्यक्ष महोदया ने प्रशासन अनुभाग को निर्देश दिया कि सहायक निदेशक (राजभाषा) के भर्ती नियमों एवं संवर्ग समीक्षा के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट एक माह के भीतर प्रस्तुत की जाए।

(ii) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि कनिष्ठ अनुवादकों के पद रिक्त हैं।

इस संबंध में रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.) ने सूचित किया कि रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालयों से अपेक्षित हिंदी संवर्गीय पदों की मांग के संबंध में सूची मांगी गई थी ताकि पदों के सृजन संबंधी कार्रवाई की जा सके। लेकिन अधिकतर कार्यालयों से शून्य रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं।

अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिया कि कनिष्ठ अनुवादकों के रिक्त पदों को भरने के संबंध में मुख्यालय कार्यालय एवं संबंधित प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों द्वारा अध्यक्ष, कर्मचारी चयन आयोग एवं संबंधित क्षेत्रीय कर्मचारी चयन आयोग के साथ सम्पर्क कर कार्रवाई की जाए।

(iii) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि मुख्यालय कार्यालय में वरिष्ठ अनुवादक का एक पद रिक्त है।

इस संबंध में अध्यक्ष महोदया ने आदेश दिया कि मुख्यालय में वरिष्ठ अनुवादक के रिक्त पद को भरा जाए। रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.) ने उक्त पद को अति शीघ्र भरने का आश्वासन दिया।

**(कार्रवाई : प्रशा-2/प्रशा-8/हिंदी कक्ष(स्थानीय))**

**मद संख्या : 7 रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण :**

सदस्य सचिव ने समिति को बताया कि वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित 25% लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी कार्यालयों को वर्ष 2017-18 के राजभाषा संबंधी निरीक्षण कार्यक्रम भेजने के निर्देश दिए गए थे और इस संबंध में अधिकतर कार्यालयों से निरीक्षण कार्यक्रम प्राप्त हो गए हैं। समय पर निरीक्षण संपन्न कराने हेतु कार्रवाई जारी है।

समिति ने सुझाव दिया कि निरीक्षण कक्ष द्वारा किए जा रहे अधीनस्थ कार्यालयों के राजभाषा संबंधी निरीक्षणों की निरीक्षण रिपोर्टों पर भी अनुवर्ती कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष महोदया ने इस पर सहमति जताई।

**(कार्रवाई: सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि कार्यालय एवं मुख्यालय हिंदी कक्ष)**

**मद संख्या : 8 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इस वर्ष किए गए निरीक्षणों से संबंधित निम्नलिखित बयौरा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया :

| क्र. सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | लेखा कार्यालय (नौ सेना), गोवा | 31.12.2016 | निरीक्षण के दौरान उक्त कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों द्वारा दिए गए आश्वासनों की सूची प्राप्त हो गई हैं। संबंधित कार्यालयों से अनुवर्ती कार्रवाई सूचना प्राप्त हो गई थी। उनकी समीक्षा के उपरांत अनुवर्ती कार्रवाई हेतु पुनः संबंधित कार्यालय को भेज दिया गया है। उनसे अनुवर्ती कार्रवाई की सूचना प्राप्त होने पर इसे समीक्षा के उपरांत समिति सचिवालय को भेजने हेतु मंत्रालय को भेज दिया जाएगा। |
| 2. | स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी (सेना) औरंगाबाद | 19.01.2017 | संबंधित कार्यालय से प्राप्त अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा के उपरांत सचिवालय भेजने हेतु मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। |
| 3. | रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना), मेरठ | 01.03.2017 | |
| 4. | लेखा कार्यालय, सहायक दुर्ग अभियंता, मनाली | 03.03.2017 | |
| 5. | रक्षा पेंशन संवितरण कार्यालय, श्रीनगर | 11.05.2017 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |
| 6. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सी.स.), दिल्ली छावनी | 17.05..2017 | |
| 7. | रक्षा लेखा नियंत्रक (निधि), मेरठ | 07.07.2017 | निरीक्षण के दौरान उक्त कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों द्वारा दिए गए आश्वासनों की सूची प्राप्त हो गई हैं। संबंधित कार्यालयों से अनुवर्ती कार्रवाई सूचना प्राप्त हो गई थी। लेकिन उनकी समीक्षा के उपरांत अनुवर्ती कार्रवाई हेतु पुनः संबंधित कार्यालय को भेज दिया गया है। उनसे अनुवर्ती कार्रवाई की सूचना प्राप्त होने पर इसे समीक्षा के उपरांत समिति सचिवालय को भेजने हेतु मंत्रालय को भेज दिया जाएगा। |
| 8. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (अफसर), पुणे | 11.09.2017 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |
| 9. | स्थानीय लेखापरीक्षा कार्यालय(सेना), उदयपुर | 13.09.2017 | |
| 10. | स्थानीय लेखापरीक्षा कार्यालय (वा.से.), रजोकरी, नई दिल्ली | 15.09.2017 | |

अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिया कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुखों द्वारा दिए गए आश्वासनों पर अनुवर्ती कार्रवाई को गंभीरता से लिया जाए।

**(कार्रवाई: सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि कार्यालय एवं हिंदी कक्ष)**

**मद संख्या : 9 मंत्रालय के महत्वपूर्ण पत्रों पर चर्चा।**

सदस्य सचिव ने मंत्रालय से प्राप्त पत्र के बारे में सूचित किया कि रक्षा मंत्रालय (वित्त) द्वारा रक्षा लेखा विभाग के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया गया एवं उनसे प्राप्त निरीक्षण रिपोर्ट अनुवर्ती कार्रवाई हेतु संबंधित कार्यालयों को भेज दी गई है।

**(कार्रवाई : संबंधित र.ले.प्र.नि./र.ले.नि कार्यालय एवं हिंदी कक्ष)**

**मद संख्या : 10 हिंदी पुस्तकों की खरीद**

(i) सदस्य सचिव ने संसदीय समिति का हवाला देते हुए समिति को सूचित किया कि हिंदी पुस्तकोंकीखरीद कुल पुस्तकों की खरीद का 50% होना चाहिए।

अध्यक्ष महोदया ने इस बात को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिया कि अधिक से अधिक हिंदी पुस्तकों की खरीद की जाए और किसी भी परिस्थिति में कुल पुस्तकों की खरीद के 50% से कम न हो।

**(कार्रवाई: सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि कार्यालय एवं हिंदी कक्ष)**

(ii) इसके अतिरिक्त, सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया कि अपनी पसंद की पुस्तकों की सूची भेजने का कष्ट करें।

**(कार्रवाई: समिति के सभी सदस्य एवं हिंदी कक्ष)**

अंत में अध्यक्ष महोदया को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

**(महेश कुमार)**
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.)**